44

# बिहार सरकार
## खेल विभाग

—: संकल्प :—

सं० संख्या—5 / खेल 8—02 / 2025—**515** पटना, दिनांक—04 / 02 / 2025

**विषयः— महिला विश्व कप कबड्डी चैम्पियनशीप—2025 के आयोजन हेतु सैद्धांतिक सहमति एवं उक्त आयोजन पर होने वाले व्यय की कुल राशि ₹8,25,72,729 / —(आठ करोड़ पच्चीस लाख बहत्तर हजार सात सौ उनतीस रूपये) मात्र पर सहमति प्रदान करने के संबंध में।**

भारत का पारंपरिक खेल कबड्डी दुनिया का सबसे पुराना खेल है जो मुख्य रूप से भारतीय उपमहाद्वीप में खेली जाती है। कबड्डी नाम का प्रयोग प्रायः उत्तर भारत में किया जाता है। इस खेल को दक्षिण में चेडुगुडु और पूर्व में हु तू तू के नाम से भी जानते हैं। यह क्रिकेट के बाद भारत में दूसरा सबसे लोकप्रिय और देखा जाने वाला खेल है। यह खेल भारत के पड़ोसी देश नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका और पाकिस्तान में भी बहुत लोकप्रिय है। बीते कुछ वर्षों से कबड्डी की लोकप्रियता में बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। साल 1982 के एशियाई खेलों में प्रदशर्नी खेल के रूप में इसे शामिल किया गया और साल 1990 में इस खेल को स्थाई रूप से मेडल गेम के रूप में जगह मिल गई। भारत में साल 2014 में शुरू हुए फ्रेंचाइजी आधारित प्रो—कबड्डी लीग ने इस खेल की लोकप्रियता को ग्लोबल स्तर पर पहुंचाने में योगदान दिया है।

2. महिला विश्वकप कबड्डी चैम्पियनशीप—2025 का आयोजन दिनांक—07.03.2025 से 12.03.2025 तक बिहार राज्य खेल अकादमी, राजगीर में प्रस्तावित है। इस आयोजन में कुल 15 देश यथा—भारत, पोलैण्ड, रूमानिया, केनिया, युगांडा, अरजेंटिना, ईरान, चाईनीज ताईपे, नेपाल, जापान, कोरिया, थाईलैण्ड, इंडोनेशिया एवं बांग्लादेश प्रतिनिधित्व करेंगे।

3. कबड्डी से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। स्वास्थ्य के लिए यह खेल काफी प्रभावशाली है। इससे सहयोग की भावना भी विकसित होती है। बिहार राज्य में प्रथम बार महिला विश्व कप कबड्डी चैम्पियनशीप—2025 का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इस आयोजन से बिहार के महिलाओं में कबड्डी के साथ—साथ अन्य खेलों के प्रति जागरूकता एवं भागेदारी में बढ़ोतरी होगी तथा महिला विश्व कप कबड्डी चैम्पियनशीप—2025 के आयोजन के माध्यम से वैश्विक परिदृश्य पर बिहार की गौरवशाली संस्कृति का प्रचार—प्रसार होगा।

2

43

4. महिला विश्व कप कबड्डी चैम्पियनशीप–2025 के आयोजन के निमित् चिकित्सा व्यवस्था, सुरक्षा, आवासन, भोजन, परिवहन, प्रचार–प्रसार इत्यादि पर राशि ₹8,25,72,729/–(आठ करोड़ पच्चीस लाख बहत्तर हजार सात सौ उनतीस रूपये) मात्र व्यय होने का अनुमान है।

5. महिला विश्व कप कबड्डी चैम्पियनशीप–2025 के आयोजन सैद्धांतिक सहमति एवं उक्त आयोजन पर होने वाले व्यय की कुल राशि ₹8,25,72,729/– (आठ करोड़ पच्चीस लाख बहत्तर हजार सात सौ उनतीस रूपये) मात्र पर सहमति प्रदान की जाती है।

6. उक्त राशि का वहन वित्तीय वर्ष 2024–25 के मांग सं०–52 के अन्तर्गत 2204–खेलकूद तथा युवा सेवाएँ, 104–खेल–कूद, 0109–खेल कूद, विपत्र कोड 52–2204001040109 के विषय शीर्ष 2002–कॉन्फरेंस, कार्यशाला, सेमिनार मद से व्यय किया जायेगा।

7. उपरोक्त पर दिनांक–04.02.2025 को मंत्रिपरिषद् की बैठक में मद संख्या–47 में स्वीकृति प्राप्त है।

**आदेशः– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी हेतु बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित कराये जाय और इसकी प्रति सभी संबंधित विभाग/पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु उपलब्ध करायी जाय।**

Rajendra 4.2.2025

**(डॉ० बी० राजेन्दर)**
सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–5/खेल 8–02/2025–**515** पटना, दिनांक–04/02/2025

प्रतिलिपि :–अवर सचिव, ई–गजट कोषांग, गजट, वित्त विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना–80007 को राजकीय गजट के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि इस संकल्प की 500 प्रतियाँ इस विभाग में भेजने की कृपा की जाय।

Rajendra 4.2.2025

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

42

ज्ञापांक–5/खेल 8–02/2025–**515** पटना, दिनांक–04/02/2025

प्रतिलिपि :–महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, वीरचंद पटेल पथ, पटना/महालेखाकार (लेखा परीक्षक), बिहार वीरचंद पटेल पथ, पटना/सभी कोषागार पदाधिकारी, बिहार/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Rajendra 4.2.2025

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–5/खेल 8–02/2025–**515** पटना, दिनांक–04/02/2025

प्रतिलिपि :–मुख्य सचिव, बिहार/सभी अपर मुख्य सचिव/सभी प्रधान सचिव/सभी सचिव/सभी विभागाध्यक्ष/ महानिदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/सभी प्रमंडलीय उप निदेशक, शारीरिक शिक्षा/अधीक्षक, शारीरिक शिक्षा/जिला खेल पदाधिकारी/जिला अधीक्षक/उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा एवं संबंधित सभी पदाधिकारी एवं कर्मी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Rajendra 4.2.2025

सरकार के अपर मुख्य सचिव।